
तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

12 मानसून में मिलती है सेहत से भरपूर खेक्सी...



14 बरसात में थम जाता है जनजीवन, फिंगेश्वर के...











## खबर संक्षेप

### आज सिद्धी विनायक आश्रम में मनाया जाएगा गुरूपूर्णिमा का पर्व



**फिंगेश्वर।** 10 जुलाई को नगर के सिद्धी विनायक आश्रम मे भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन महराज के सानिद्ध एवं आशीर्वाद से गुरूपूर्णिमा का पर्व पूरी श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण मनाया जायेगा। कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से से पादुका पूजन, 9बजे से हवन पूजन एवं दोपहर 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक संत्संग, भजन एवं रामायण का आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर आज दूर दूर से महराज के भक्त फिंगेश्वर पहुंचेंगे। जिसमे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़िसा के अलावा अंचल से हजारों की संख्या मे उनके अनुयायी एवं शिष्य पहुंचकर अपने गुरू का आशीर्वाद लेंगे। गुरूपूर्णिमा पर्व को लेकर आश्रम के द्वारा नगर मे लोगो को आंमत्रित किया गया है।

### नए तहसीलदार रमेश मेहता ने किया पदभार ग्रहण



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के अंतर्गत मैनपुर तहसील कार्यालय में नवपदस्थ तहसीलदार रमेश कुमार मेहता ने पदभार ग्रहण किया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व श्री मेहता छुरा में पदस्थ थे। नया तहसीलदार रमेश कुमार मेहता ने कहा उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के कार्य समय पर हो उन्होंने कहा जितने पर राजस्व विभाग के लंबित प्रकरण है इन प्रकरणों पर जल्द सुनवाई होगी।

### स्कूल में भरा पानी



**नवापारा-राजिम।** वार्ड क्रमांक 15 के पीएम श्री नवीन प्राथमिक शाला में पानी का भराव होने से चिंतित बच्चों को तकलीफों का सामना करना पड़ा। लगता है कि पूरे बारिश भर यह स्थिति बनी रहेगी। यह जानकारी भाजपा नेता धीरज साहू ने दी।

## धान और मक्का की बोआई में तेजी, मजदूरों की कमी से जूझ रहे किसान

# झमाझम बारिश से खेती-किसानी जोरों पर, खेतों में जुटा श्रमिक व किसान परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र में बीते एक पखवाड़े से रूक रूककर हो रही बारिश से खेती किसानी कार्यो में तेजी देखने को मिल रही है मैनपुर वनांचल क्षेत्र में सिंचाई सुविधा की बेहद अभाव है जिसके कारण किसान मानसून के भरोसे खेती किसानी करते है और रूक रूककर हो रही बारिश का किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाह रहे है जल्द से जल्द खेती किसानी का कार्य पूरा हो जाये इसके लिए किसान दिन रात एक कर दिए है ग्रामीण वनांचल क्षेत्र के गांवो में इन दिनो सन्नाटा पसरा हुआ है कारण सुबह होते ही किसान परिवार साथ खेतो के तरफ निकल पड़े है और देर शाम रात तक खेती किसानी का कार्य कर घर वापस लौट रहे है।

■ धान की 50% बोआई पूर्ण, मक्का की खेती भी लगभग पूरी

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 22 हजार हेक्टेयर में धान की खेती और 11 हजार हेक्टेयर में मक्का की खेती एक साथ खरीफ सीजन में लिया जाता है। हमारे मैनपुर संवाददाता ने क्षेत्र के 50 से ज्यादा ग्रामो में पहुंचकर ग्राउंड रिपोर्टिंग किया जिसमें किसानो से चर्चा भी किया। मैनपुर क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण इस वर्श किसान लाइ धान बोआई कार्य ज्यादा कर रहे है खेतो में अच्छा पानी होने के कारण खेतो में ▶▶|शेष पेज 12 पर





### खाद बीज के लिए हो रहे परेशान

मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनाचंल के किसानो ने बताया क्षेत्र में डीएपी खाद की कमी से किसान परेशान है मजबूरन खुले बाजार में अधिक कीमत पर खाद और बीज खरीद कर खेती किसानी कर रहे है वही इन दिनो एक साथ खेती किसानी प्रारंभ हो जाने से जिन किसानो के पास ट्रेक्टर व हल की सुविधा नही है उन्हे भारी परेशानी हो रही हैं। अधिक कीमत पर किराए कर खेती किसानी जल्द जल्द पूरा करने किसान लगे हुए है।

### कृषि अधिकारी ने बताया

कृषि अधिकारी मैनपुर अभिनव सूर्यवंशी ने बताया मैनपुर क्षेत्र में किसान धान बोआई और रोपाई कार्य तेजगति से कर रहे है 50 प्रतिशत धान की बोआई पूर्ण हो चुका है साथ ही मक्का की बोआई कार्य हो चुका है कृषि विभाग द्वारा लगातार गांव–गांव पहुंचकर सलाह दी जा रही है।

### शोभा गौरगांव इंदागांव क्षेत्र में मक्का की बोआई पूर्ण

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में खरीफ फसल में किसान धान के साथ टिकरा भूमि में मक्का की भी खेती करते है लगभग 11 हजार हेक्टेयर में मक्का की खेती किया जा चुका है जिसमें मैनपुर क्षेत्र में तौरेंगा, जागड़ा, अमाड़, अड़गड़ी, शोभा, गौरगांव, कोकड़ी, गोना, भुतबेड़ा, कुचेंगा, कोयबा, बुड़गेलटप्पा, इंदागांव, साहेबिनकछार, गरहाडीह क्षेत्र में किसान मक्का की फसल लगा चुके है किसान रूपसिंह मरकाम, रामेश्वर नेताम, जगमोहन ठाकुर, बिरसिंह ध्रुव, मनोहर नागेश ने बताया अभी तक कृशि विभाग द्वारा मक्का का बीज उपलब्ध नही कराई गई है और क्षेत्र के किसान ओड़िशा राज्य से मक्का के बीज और दवा खरीदकर मक्का की बोआई कर चुके है क्योकि समय पर यदि मक्का की बोआई न किया जाये तो किसानो को भारी परेशानी होती है किसानो ने कहा हर वर्श मक्का की बोआई के बाद क्षेत्र में बीज वितरण किया जाता है।

## प्रथम सावन सोमवार से पूर्व कुलेश्वर मंदिर मार्ग बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आज गुरूपूर्णिमा है और कल शुक्रवार से सावन लगने जा रहा है। उसके दो दिन बाद 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार पड़ेगा। सावन के पहला सोमवार से शिवभक्तो की भीड़ कुलेश्वर मंदिर जाने के लिए लगी रहेगी, परंतु पहुंच मार्ग में बड़े-बड़े गढ्ढे हो गए है जिसमें बारिश का पानी जमा हो गया है।

■ गड्ढों में जमा पानी बना श्रद्धालुओं के लिए खतरा

ये गढ्ढे खासतौर से लोमष ऋषि आश्रम और नदी के तटबंध के बीच में है। इस स्थिति को देखते हुए इन गढ्ढो को मुरूम,बजरी गिट्टी से बराबर नही किया गया तो यहां दुपहिया सवार तो गिरेंगे ही अलबत्ता गाड़ी मोटर के चक्को से उछलने वाला कीचड़ लोगो के कपड़े खराब करेंगे। शिवभक्तो का कहना है कि इतने प्रसिद्ध मंदिर के रास्ते का बुरा हाल क्या अफसरो को नही दिखता? बता दें कि ये प्वाइंट जहां गढ्ढे है वह नवागांव पंचायत के अधीन पड़ता है चाहे तो पंचायत स्तर में ही इसे ठीक किया जा सकता है। पर क्या मजाल है कि स्थानीय पंचायत के लोग इस पर ध्यान देते।


## सीकासार बांध केवल 33% भरा, किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में बीते कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे खेतों में धान की बोवनी ने रफ्तार पकड़ ली है। किसान वर्तमान स्थिति से उत्साहित तो हैं, लेकिन फसल की आगे की सिंचाई को लेकर गहरी चिंता भी है। कारण है – जिले का प्रमुख जल स्त्रोत वृहद सीकासार बांध अब तक सिर्फ 33% ही भर पाया है।

■ गरियाबंद में बारिश से धान की बोआई तो शुरू, लेकिन सिंचाई की चिंता बरकरार

गरियाबंद जिले के अधिकांश किसान धान की फसल लेते हैं, जो वर्षा आधारित तो होती है लेकिन उसकी पूरी सफलता बांध और नहरों की सिंचाई व्यवस्था पर निर्भर रहती है। वर्तमान में बारिश के पानी से खेतों में धान की बोवनी की जा रही है, लेकिन जैसे-जैसे फसल बढ़ेगी, उसे नियमित सिंचाई की आवश्यकता होगी।



**बांध अधभरा, किसान चिंतित :** इस बीच यह खबर किसानों के लिए निराशाजनक रही कि गरियाबंद का सबसे बड़ा सिंचाई स्त्रोत सीकासार बांध अब तक मात्र 33 प्रतिशत ही भर सका है। जबकि जिले में अब तक सामान्य औसत से 64% अधिक वर्षा हो चुकी है। इस स्थिति में किसानों की चिंता स्वाभाविक है कि यदि आने वाले दिनों में भरपूर बारिश नहीं हुई तो फसलों के सूखने, उत्पादन गिरने और आर्थिक नुकसान की स्थिति बन सकती है।

### अधिकारियों की प्रतिक्रिया

इस संबंध में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन ने बताया कि सीकासार बांध के जलग्रहण क्षेत्र में अभी अपेक्षाकृत कम वर्षा हुई है, जिससे फिलहाल 33 प्रतिशत ही जलभराव हो पाया है। हालांकि मानसून सक्रिय है और अभी बारिश का मौसम चल रहा है, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी।

## भाजपा सरकार की नाकामी के खिलाफ कांग्रेस की जन न्याय पदयात्रा



**गरियाबंद/मैनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा सरकार के असफलता और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मूलभूत बुनियादी समस्याओ के समाधान के लिए युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा मैनपुर से रायपुर तक 137 किमी जन न्याय पदयात्र का शुभारंभ करने 10 जुलाई दिन गुरूवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मैनपुर पहुंचेंगे।

इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम एवं कांग्रेस के कई विधायक व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रोटोकाल जारी किया गया है जिसके अनुसार ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों व वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला मुख्यालय गरियाबंद के समीपस्थ ग्राम डोंगरीगांव एवं गरियाबंद के डाक बंगला के जीर्णोद्धार आंगनबाड़ी केन्द्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर, किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल कल्याण समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि जिले के 12 आंगनबाड़ी केन्द्रों को एक्शन अगेंस्ट हंगर द्वारा जीर्णोद्धार किया गया है। जो कि फ्रांस की एक वैश्विक मानवतावादी संगठन है। यह संगठन कुपोषित बच्चों की मदद करता है और समुदायों को सुरक्षित पानी और भूख के स्थायी समाधान तक पहुंच प्रदान करता है।

■ साफ–सफाई, पोषण, शिक्षा और कुपोषण मुक्ति कार्यों की ली जानकारी, बच्चों से भी किया संवाद

कलेक्टर श्री उइके ने आंगनबाड़ी केन्द्र डोंगरीगांव एवं डाकबंगला का निरीक्षण करते हुए सामग्रियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। इस दौरान रसोई कक्ष, सामग्री कक्ष का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले पौष्टिक ▶▶|शेष पेज 12 पर

### भोजन एवं नाश्ते के संबंध में भी ली जानकारी

इस दौरान कलेक्टर ने निर्धारित मेन्यू के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को प्रतिदिन प्रदान की जाने वाली भोजन एवं नाश्ते के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की जाँच कराकर कुपोषण मुक्ति हेतु किए जा रहे उपायों का जायजा लिया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक से आंगनबाड़ी केन्द्र में कुपोषित बच्चों की कुल संख्या तथा कुपोषण दूर करने हेतु किए जा रहे उपायों के फलस्वरूप वर्तमान में सामान्य श्रेणी में आने वाले बच्चों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने तथा उन्हें नियमित रूप से पौष्टिक भोजन, नाश्ता इत्यादि प्रदान कर बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

## क्षेत्र में कई आंगनबाड़ी अति जर्जर समुदायिक भवनों में हो रहे संचालित

# जर्जर भवनों में सिमटी बचपन की बुनियाद, कई आंगनबाड़ी केंद्र भवनविहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की शुरूआती शिक्षा का आधार होता है, यहां से बच्चे अपने शिक्षा जीवन का ककहरा सीखते हैं, यही वजह है कि आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों की नर्सरी कहा जाता है। यहां बच्चों को सुपोषित करने के साथ साथ बुनियादी तालीम दी जाती है। ग्राम लादाबाहरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 आज 3 वर्षों से भवन अति जर्जर हो चुका है। नौनिहालों को एक समुदायिक भवन में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। इस तरह ग्राम सेम्हरा में आंगनबाड़ी केंद्र नव निर्माण कार्य शुरू किया गया है मगर अभी तक डीपीसी कार्य हुआ है। इसके चलते आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ता के घर पर संचालित हो रही है।

■ चार केंद्रों के लिए स्वीकृति मिली, लादाबाहरा की मांग लंबित : अधिकारी



इसी कड़ी में कुडेरादादर केन्द्र 2 और 4 निजी घरों पर और सुरगपानी में अतिरिक्त कमरे में संचालित किया जा रहा है। कई जगहों पर आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक भवनों में स्थानांतरित कर दिया है क्योंकि उनके अपने भवन या तो जीर्ण शीर्ण है या मौजूद नहीं है। इससे बच्चों के विकास और सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड सकता है। कई आंगनबाड़ी केंद्र के भवन इतने जर्जर हो चुके हैं कि वे उपयोग करने योग्य नहीं है। बाल विकास परियोजना अधिकारी सी एल साहू ने बताया कि लादाबाहरा के लिए भवन की मांग शासन से किया गया है, जो जल्द स्वीकृति हो जाएगा और कुडेरादादर दो, सुरगपानी और लादनपारा इन चारों जगहों पर आंगनबाड़ी भवन का स्वीकृति हो चुका है।

### सुविधाओं की कमी

सामुदायिक भवनों में अक्सर आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कि खेलने का स्थान, स्वच्छ शौचालय, और पर्याप्त जगह की कमी होती है।

**शिक्षा और विकास पर प्रभाव :-** सुविधाओं की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा और विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं में बाधा

स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, और पूरक पोषण जैसी स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं भी बाधित हो सकती है। यह स्थिति चिंताजनक है और जल्द से जल्द समाधान की आवश्यकता है ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में शिक्षा और पोषण सेवाएं मिल सके।

## खबर संक्षेप

### पिथौरा पुलिस ने जब्त किया गांजा

**महासमुंद।** ग्राम गोपालपुर के पारा नंबर 4 से एक व्यक्ति के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। पिथौरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के आरोपी पितरू यादव पिता सुंदर सिंह यादव (69 वर्ष) निवासी गोपालपुर के कब्जे से 192 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1900 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा धारा 20 (ख)(ए) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

### किराना दुकान संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कौड़िया में एक किराना दुकान संचालक से पांच लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को कार्तिक राम ठाकुर पिता विश्राम सिंह ठाकुर (60 वर्ष) ग्राम कौडिया ने बताया कि 8 जुलाई को वह अपने किराना दुकान में बैठा था। रात लगभग 09 बजे अचानक मोटर सायकल में चार व्यक्ति विजय निषाद पिता जलसाय, विसंभर निषाद पिता जलसाय, धनवंत ठाकुर पिता अक्तीराम ठाकुर निवासी कौडिया व मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 4810 का चालक व राधे बरिहा पिता साहेबो बरिहा ग्राम कौड़िया किराना दुकान में घुसे। इस पर उसने उन्हें मना किया। तब दुकान से बाहर खींचकर उक्त आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### समिति प्रबंधक से मारपीट दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** समिति प्रबंधक के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को सीतापुर निवासी व कृषि साख सहकारी समिति जगदीशपुर के समिति प्रबंधक कुशाग्र प्रधान ने बताया कि 30 जून की सुबह वह अपने बच्चे को संत स्टीफन स्कूल जीराडबरी से छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। करीब 9.30 बजे ग्राम चनौरडीह में राधेश्याम प्रधान के घर के सामने पहुंचा था तभी कुष्टो प्रधान एवं राधेश्याम प्रधान ने उसे देखकर रूकवाया और कहा कि मेरा जो एक्सीडेंट हुआ था, तेरे कहने से ही थाना में एफआईआर किया गया है। ऐसा कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की

## निधन

### संध्या साहू



**छुरा।** गरियाबंद जिला की महिला राष्ट्रीय वेटलिफ्टर संध्या साहू का मंगलवार की सुबह उनके निवास स्थान छुरा में उनका निधन हो गया। संध्या साहू ने जूनियर नेशनल, अश्मिता खेलो इंडिया वूमेन प्रतियोगिता, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एवं स्कूल नेशनल गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी थी। उन्हें भरोत्तोनलन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित जिला के खेल संगठन ने श्रद्धांजलि दी हैं ।


# मानसून में मिलती है सेहत से भरपूर खेक्सी, ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रिय है यह मौसमी सब्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

बदलते मौसम में कई तरह के फल और सब्जियां मार्केट में आने लगती है। इनका सेवन करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। ऐसे ही पोषक तत्वों से भरपूर खेखसी नामक एक सब्जी है, जिसे खेखसी के नाम से भी जाना जाता है। यह एक मौसमी सब्जी है। ये अक्सर मानसून के मौसम में मिलती है। ये मूल रूप से ग्रामीण अंचलों में पाई जाने वाली सब्जी है। मुख्य रूप से यहां जगलो या घरों के बाड़ी में इसकी उपज होती है। हमारे छत्तीसगढ में इसे खेखसी के नाम से जाना जाता है।

ग्रामीणों क्षेत्र में यहां फेमस सब्जी के नाम से जाना जाता है,

**विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है खेखसी**



### खेखसी में होते हैं महत्वपूर्ण पोषक तत्व

खेखसी विटामिन ए, विटामिन सी, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम जैसे खनिज पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाकर हमारे स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाने का काम करते हैं। विटामिन सी से भरपूर खेखसी सब्जी हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली होती है। इसका कारण है कि विटामिन सी किसी भी इंफेक्शन और बीमारियों से लडने में सहायक होता है।

और इसे खाने से कई तरह से स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, जिन्हें जानकर आप भी इसे अपनी डाइट प्लान का हिस्सा जरूर बनाएंगे। बाजारों पहली बार जब आता है तो यहां सब्जी हाथों हाथ बिक जाता है। शुरुआत में इसकी कीमत हाई फाई रहता है। खेखसी सब्जी से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में ग्रामीण सहायक चिकित्सा डॉ प्रज्ञेश देवांगन बताते हैं कि खेखसी में फ्लेवोनॉयड और फेनोलिक मिनरल के साथ एंटी ऑक्सीडेंट भी पाया जाता है। यह हमारे शरीर की कोशिकाओं को आक्सीडेटिव तनाव से मुक्ति दिलाता है और फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है,खेखसी में मौजूद पोषक तत्व हमारे शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेनटेन बनाए रखने में मदद करते हैं।

### जपं सामान्य सभा की बैठक में कई मुद्दों को लेकर जमकर बहस

# मैनपुर जनपद की बैठक में गूंजे सवाल अनुपस्थित विभागों पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर।

जनपद पंचायत मैनपुर सामान्य सभा की बैठक आज बुधवार को आयोजित किया गया इस दौरान जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा की उपस्थिति में बैठक प्रारंभ किया गया।

बैठक के दौरान कई मुद्दो को लेकर जमकर बहस देखने को मिला। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप खनन की जानकारी दिया गया। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलो में पुस्तक और गणवेश वितरण की समीक्षा की गई, सर्व शिक्षा अभियान राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा चल रहे निर्माण कार्यो के समीक्षा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और उपस्वास्थ्य केन्द्रो में रिक्त पदो को भरे जाने के साथ टीकाकरण एवं वन विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई।



### अनुपस्थित विभाग के अधिकारियों पर जताई गई नराजगी

बैठक के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे जिस पर सदस्यो ने जमकर नराजगी जताई एवं इसकी शिकायत उच्च अधिकारियो से करने की मांग किया साथ ही आगामी बैठक में पूरी जानकारी के साथ उपस्थिति देने को कहा गया है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य तपेश्वर ठाकुर, जमुना नेगी, प्रतापसिंह मरकाम, कुमारीबाई पटेल, सुकचंद ध्रुव, रमुला बाई मरकाम, फुलचंद मरकाम, रिश्मबाई मरकाम, सूर्यकांती नागेश, किशोर मांझी, अनिराम ध्रुव, परमेश्वर जैन, निर्भय ठाकुर, चैनसिंह ध्रुव, सोनी यादव, वृंदा नागेश, डॉ योगीराज माखन कश्यप, कुंती साहू, बिन्देश्वर कश्यप, सुभाश यादव, वेदमती ध्रुव, गेन्दु यादव, डीएस नागवंशी, महेश पटेल, शिवकुमार नागे, उत्तम चौधरी, जागेश्वर मरकाम, कैलाश मारकंडे, परमेश मंडावी, किशनलाल दीवान, नरेश नाग, कोमल बिसेन, कपुरचंद बरिहा, राकेश परिहार, डीएन सोनी, डॉ सुमन, अभिनव सूर्यवंशी, लिलेश, बोध पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय तीसरा अस्मिता खेलो इंडिया लीग भारोत्तोलन प्रतियोगिता 13 जुलाई को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय तीसरा अस्मिता खेलो इंडिया लिग सब-जूनियर, बालिका जूनियर, सीनियर महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता दिनांक 13 जुलाई 2025 को दिन रविवार, स्थान : मिडिल स्कूल महुदा, झीट, पाटन जिला दुर्ग में आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता 8 ग्रुपों में आयोजित होगी जो भारतीय भारोत्तोलन संघ के न्यू वजन समूह के आधार पर किया जाएगा।

- दुर्ग के महुदा में आयोजित होगी प्रतियोगिता, 125 बालिका और महिला खिलाड़ी भाग लेंगी

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 125 बालिका/महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन की टीम का चयन किया जाएगा, जो सितम्बर माह में हावड़ा में प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे होगी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का वजन सुबह 9 बजे दो ग्रुप में लिया जाएगा एवम प्रतियोगिता 11 बजे प्रारंभ कर दिया जाएगा,वजन समूह। 44 किग्रा, 48 किग्रा, 53 किग्रा, 58 किग्रा, 63 किग्रा, 69 किग्रा, 77 किग्रा, +77 किग्रा, 86 किग्रा, और +86 किग्रा इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को वेटलिफ्टिंग कास्ट्यूम में ही भाग लेना अनिवार्य होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजक छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ एवम महुदा के राष्ट्रीय निर्णायक छबि राम विश्वकर्मा, कोमल सोनी, सुमित सिन्हा होंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के महासचिव राजेश जंघेल ने दी।

# अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए कांकेर जिला टीम हुआ चयन



**छुरा।** 8 जुलाई को कांकेर जिला के नरहरपुर विकासखंड में वेटलिफ्टिंग चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भारतीय भारोत्तोलन संघ के नए वजन वर्ग के अनुसार खिलाड़ियों का चयन हुआ।

44 किग्रा में किरण सरोज, यूथ 44 किग्रा में अंकिता विश्वकर्मा, यूथ+जूनियर 48 किग्रा में शांता यादव, जूनियर 48 किग्रा में वसुंधरा नेताम, जूनियर 48 किग्रा में पेनालिका यादव, सीनियर 53 किग्रा में प्रीति मरकाम, यूथ+जूनियर 53 किग्रा में लता नेताम, यूथ+जूनियर 58 किग्रा में बरखा चक्रधारी, यूथ 58 किग्रा में चंचल नेताम, यूथ+जूनियर 63 किग्रा ललिता चक्रधारी, यूथ+जूनियर 69 किग्रा ज्योति नेताम, यूथ+जूनियर और 77 किग्रा में वंदना भास्कर, यूथ+जूनियरका चयन हुआ, ये सभी खिलाड़ी यूथ, जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लेंगी। इस टीम के मैनेजर मिताली सुमीत घोष एवं कोच माधुरी साहू रहेंगी। प्राचार्य रामप्रसाद नेताम, अध्यक्ष टेकेश्वर सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने बधाई दी ।

# हिन्दू जागरण मंच लोगों को कर रहा सजग

नवापारा-भेण्डरी। हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद द्वारा धमतरी जिले के गांवों में समाज सुधार के लिए युवाओं को संगठित कर रहे है।

वे समरसता की भावना से काम करते हुए जागृत कर रहे है। ग्राम चंदना की बैठक में ग्राम संयोजक त्रिलोक वर्मा, सहसंयोजक, करण वर्मा, शुभम नागवंशी, भागवत साहू, भीष्म साहू, निखिल निर्मलकर ,मोहेंद्र सागरवंशी, भीष्म सिंह राजपूत, वेदप्रकाश वर्मा, धन्नू लाल को दायित्व दिया गया। जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, प्रतीक सोनी, सत्यम सिन्हा, तुषार साहू ने कहा कि जहां-जहां असमाजिक गतिविधियां संचालित हो रही है उसे हिंदू समाज किसी हालत में बर्दास्त नही करेगी अवैध गतिविधियों पर हिन्दू समाज को चिंतन करते हुए संगठित रहने कहा।



## कन्या महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी की बैठक



**नवापारा-राजिम।** बुधवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लोमेश्वरी साहू, सांसद प्रतिनिधि मधु बाफना, विधायक प्रतिनिधि योगिता सिन्हा ,सदस्य तनु मिश्रा, धनमती साहू, किरण सोनी, मोंगरा साहू, पिंकी नगारची, अनिता देवांगन, देहुति साहू, आशीष गोलछा ,मुकेश निषाद ,प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव मौजूद थे।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**महासमुंद।** कोटेनदरहा निवासी बिशीकेशन पाइक के विरुद्ध थाना सराईपाली द्वारा 19 जुलाई 2020 को वार्ड नम्बर 02 वीरेंद्र नगर सराईपाली के किराए के मकान में अपनी पत्नी सुरेंद्री पाइक की हत्या गला दबाकर किए जाने को लेकर उसके विरुद्ध हत्या एवं स्वयम को हत्या के दंड से बचने के लिए शव को जमीन में दफनाने, साक्ष्य को छिपाने जैसे अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। जहां द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पंकज आलोक तिर्की सराईपाली के न्यायलय द्वारा आरोपी को दोष सिद्ध पाया औऱ आज 9 जुलाई 25 को धारा 302भादस, हत्या के अपराध के लिए आजीवन कारावास और 500 अर्थदंड, धारा201 भादस के अपराध के लिए 2 वर्ष तथा धारा 203 भदस के अपराध के लिए 1 वर्ष के कठिन कारावास से दंडित किया गया।

## नपा उपाध्यक्ष ने कराया नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी के प्रयास से वार्ड नं 20 शीतलापारा में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 60 लोगो का नेत्र जांच किया गया। 8 लोग मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, 2 लोगों को तत्काल इलाज हेतु रायपुर भेजा गया। वही 32 लोगो को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। आयोजन में वार्ड 21 के पार्षद अजय साहू, मुकेश निषाद, वीरेंद्र साहू तथा वार्डवासियों का सहयोग रहा।



# भारी वाहनों से खराब हो रही शहर की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर का मुख्य मार्ग हो या भीतरी सड़कें। भारी वाहनों के दबाव के चलते शहर भर में दर्जनों ऐसे उदाहरण है जहां सड़कें खराब हो गई है। बारिश और जल भराव के कारण गढ्ढों में पानी की गहराई का अंदाजा नही हो पा रहा और लगातार हादसे हो रहे हैं। बता दें कि शहर के भीतरी रास्तों में भी भारी वाहनों का दबाव इन क्षतिग्रस्त सड़कों की मुख्य वजह है।

आज से 4 दशक पहले एफसीआई गोदाम शहर के बाहर हुआ करता था। एफसीआई गोदाम के लिए शहर के यातायात से भरे रास्ते से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों से सड़क का बुरा हाल है। एफसीआई मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। शहर के कुछ रास्तों में सुधार कार्य तो हुआ लेकिन, घटिया निर्माण और काम चलाउ सुधार कार्य केवल इंजीनियरों के मूल्यांकन तक की अवधि तक अच्छा नजर आता है। जिसके कारण डामर गायब होकर गिट्टी दिखने लगी है। नेहरू चौक, बरोंडा चौक से लेकर खैरा चौक तक गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री के आगमन के पहले जिला अस्पताल से लेकर अंबेडकर चौक एवं अन्य मार्गों का सुधार कार्य हुए। लेकिन, भारी वाहनों के आवागमन के कारण इन मार्गों के सुधार कार्यों की कलई खुल चुकी है और डामर, गिट्टी और बजरी से अलग होकर सड़क पर फैली नजर आने लगी है। दूसरी ओर बागबाहरा रोड की भी स्थिति तकरीबन ऐसी ही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज रोड के पास भी यही हाल देखने को मिलेगा।



### विभाग मौन, दुर्घटना को दे रहे हैं दावत

झलप। पचरी से बागबाहरा तक सड़क से डामर और गिट्टी उखड़ने से स्कूली बच्चों, राहगीर, वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। जबकि, पीडब्लूडी विभाग द्वारा अभी तक इस मार्ग पर मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। ये सड़क विगत दो वर्ष से इसी हालत में है, कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें एक की मौत भी हुई है। टुकड़ों-टुकड़ों में बाकी जगह से तो सड़क से गिट्टी और डामर भी निकलने लग गई हैं। मोटरसाइकल, राहगीर, वाहन चालकों को गड्ढे से झटकों से हिचकोले खाते हुए चलना पड़ रहा हैं बाइक सवारों को गिट्टी से गिरने का डर बना हुआ हैं।

### बाइक सवारों की बढ़ी परेशानी

इस मार्ग पर सड़क पर डामर उखड़ने से अंदर से गिट्टी बाहर निकल गई हैं। अभी बारिश से मिट्टी ओर बह कर चली गई हैं बाइक सवार जब गुजरते हैं तो कांक्रीट से बाइक फिसल जाती हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### जलभराव के कारण भी नुकसान की आशंका

शहर के अंदर कई मार्गों पर पिछले दिनों हुई तेज बारिश के कारण जलभराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि, नगर पालिका नाली व नाले की लगातार सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था में लगी रही। इन मार्गों पर बारिश के दिनों में जलभराव इसी तरह हुआ तो सड़कों को नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### अभी भी पूरी तरह से बंद नहीं हुआ आवागमन

शहर में भारी वाहनों का प्रवेश निश्चित समयों पर प्रतिबंधित है। शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए, सुबह और शाम को नो एंट्री का समय निर्धारित किया गया है लेकिन, रात होते ही भारी वाहनों का आना-जाना शुरू हो जाता है जिसके कारण सड़क खराब होता जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### झमाझम बारिश से ...

हल चलाने के बाद सीधा मतई कर धान को भीगोकर जरी निकाल लाइ बोआई किया जा रहा है तो वही क्षेत्र में कई किसान जो बारिश से पहले धान के थरहा के लिए तैयारी कर चुके थे ऐसे किसान इन दिनो रोपाई का कार्य युद्धगति से कर रहे है लेकिन एक साथ खेती किसानी कार्य प्रारंभ हो जाने से मजदूर नही मिल पा रहा है। मैनपुर क्षेत्र में 50 प्रतिशत किसानो ने धान की बोआई कार्य कर चुके है और रोपा लगाने का कार्य जारी है जिसके लिए किसान ओड़िशा से भी मजदूर ला रहे है क्योकि मजदूरो की कमी के चलते किसानो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है तो वही जिन किसानो के पास स्वयं का ट्रेक्टर और हल है वे अपने खेतो में जोताई और मतई का कार्य कर रहे है। मैनपुर क्षेत्र के भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, तुहामेटा, मैनपुरकला, बोईरगांव, साल्हेभाठा, धरनीधोड़ा, तेतलखुटी, झरगांव, गुरजीभाठा, खजुरपदर क्षेत्र में किसान धान की बोआई के साथ लाइ धान बोआई कर रहे है और सुविधा संपन्न किसान रोपाई भी कर रहे है।

### भाजपा सरकार की नाकामी के...

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज 10 जुलाई 9 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे और सुबह 11 बजे मैनपुर पहुंचेंगे। दुर्गामंच मैनपुर से जन न्याय पदयात्र का शुभारंभ करेंगे।

**स्वागत की हो रही जोरदार तैयारी :** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के गरियाबंद जिले के मैनपुर आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और उनके जोरदार स्वागत की तैयारी किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेन्दु यादव ने बताया कि जन न्याय पदयात्र में शामिल होने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज मैनपुर पहुंच रहे है उन्होने सभी कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासियो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी...

भोजन, स्वच्छता और शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई का अवलोकन किया और बच्चों से बातचीत कर उनका परिचय लिया और उन्हें चार्ट में लगे फलों सब्जियों, आकृतियों एवं फूलों के नाम भी पूछे और चॉकलेट भी बांटी। कलेक्टर ने रेडी-टू-ईट फूड की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और इसे स्वच्छता के साथ समय पर बच्चों को परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने सहायिकाओं को बच्चों को शौचालय उपयोग करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए प्रेरित किया।

**पोषण वाटिका लगाने के दिए निर्देश :** उन्होंने टीकाकरण, और स्वास्थ्य जांच की स्थिति की जानकारी ली। केंद्र के भंडार कक्ष में रखे रेडी-टू-ईट फूड के पैकेटों को सावधानीपूर्वक और सुरक्षित रखने और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सखी वन स्टॉप सेंटर, किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल कल्याण समिति के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिये।

# साईं जन्मोत्सव पर निकली भव्य पालकी यात्रा, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- साईं मंदिर से निकली पालकी, जय साईं राम के नारों से भक्तिमय हुआ नगर
- 31वीं पारंपरिक यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, 10 जुलाई को होगा मुख्य उत्सव

श्री साईं जन्मोत्सव के अवसर पर गरियाबंद नगर में श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। साईं सेवा समिति गरियाबंद द्वारा आयोजित पालकी यात्रा में बुधवार को नगर भ्रमण किया गया, जिसमें साईं बाबा की भव्य पालकी श्रद्धालुओं के साथ पूरे गरियाबंद शहर में निकली।



पालकी यात्रा की शुरुआत श्री साईं मंदिर से शाम 5 बजे हुई, जो पुराना मंगल बाजार, सुभाष चौक, बजरंग चौक, सीतला मंदिर और नगर के विभिन्न चौक-चौराहों से होकर पुनः साईं मंदिर वापस लौटी। यात्रा के दौरान जहाँ-जहाँ से पालकी निकली, वहां श्रद्धालुओं ने साईं बाबा की आरती उतारकर भक्ति भाव से स्वागत किया। पालकी को कंधे पर उठाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बनता था। भारी संख्या में महिला, पुरुष और युवा भक्त यात्रा में शामिल हुए। जय साईं राम के नारों से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

### हर वर्ष पारंपरिक रूप से निकाली जाती है यात्रा

ज्ञात हो कि यह साईं पालकी यात्रा समिति द्वारा हर वर्ष पारंपरिक रूप से निकाली जाती है, और इस वर्ष यह 31वां वर्ष रहा। आयोजन की तैयारी और संचालन में समिति के सदस्य पूरी निष्ठा के साथ जुटे रहे। 10 जुलाई को श्री साईं जन्मोत्सव के मुख्य दिन, प्रातः 9 बजे हवन, पूजन, दुग्धाभिषेक और महाआरती का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक भंडारे (प्रसाद वितरण) का आयोजन किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ........ अ/27 वर्ष 2024-25
ग्राम तामासिवनी प.ह.न. 05 रा.नि.म. तोरला
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ तह. / वा.-1/ 2025
नवापारा, दिनांक 09/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुकुल तिवारी पिता बृजभूषण तिवारी निवासी ग्राम पोंड़ के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम तामासिवनी प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 258, 1084, 1166, 1218, 1821 1886, 1893, 2110, 2270 कुल रकबा 13.27 हे. भूमि आवेदक तथा अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का आपसी पारिवारिक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 25/07/2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ........ अ/27 वर्ष 2024-25
ग्राम पोंड़ प.ह.न. 08 रा.नि.म. तोरला
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ तह. / वा.-1/ 2025
नवापारा, दिनांक 09/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुकुल तिवारी पिता बृजभूषण तिवारी निवासी ग्राम पोंड़ के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, ग्राम पोंड़ प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 618/1, 710/1, 1314/2, 1367, 1368, 1960, 2031, 2033, 2034, 2035, 2050, 2051, 2052, 2053, 2117, 2129, 2130, 2132/1, 2133/1, 2134/1, 2145/1, 2156/1, 2157/1, 2159/1, 2162, 2163, 2164/1, 2167, 2168, 2231/1, 2232, 2236, 2237/1, 2249/1, 2250, 2253/1, 2335/1 कुल रकबा 24.88 हे. भूमि आवेदक तथा अनावेदकगण के संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का आपसी पारिवारिक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 25/07/2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
**तहसीलदार**
**गोबरा नवापारा**

# नल से कीड़े निकलने की शिकायत के बाद टंकी की कराई गई सफाई

- टेका गांव में हरिभूमि की खबर का हुआ बड़ा असर, अब ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध जल

**कोपरा।** समीपपथ ग्राम टेका मे कुछ दिन पहले नल से कीड़े निकलने कि खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से दिखाई थी जिसके बाद ग्राम पंचायत सरपंच गंगा राम भारद्वाज ने गांव के पानी टंकी का निरीक्षण का साफ सफाई कराई।

उन्होंने कहा कि बारिश के चलते कभी कभार कीड़े आ जाते हैं जिससे लोग डरे ना, टंकी की सफाई की गई है। नल में शुद्ध पानी मिलेगा, ग्रामीणों से निवेदन है कि टंकी के साफ तो कर दिए गए है फिर भी बारिश तक अपने घरों में अपने सुरक्षा के लिए नल के



टोटी पर जाली लगाकर ही पानी का उपयोग करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या हम ग्रामीणों को ना हो और कोई समस्या आती है तो तत्काल ग्राम पंचायत को सूचना करें ताकि उसका निराकरण तुरंत किया जा सके।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान सरपंच - गंगा प्रसाद भारद्वाज, उपसरपंच बुधारू साहू, विनायक ठाकुर पूर्व पंच, खेलन देवांगन, अन्नू ध्रुव सफाई कर्मचारी, पंचायत चपरासी उत्तम यादव, मौजूद रहकर सफाई कराई।







संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

## खबर संक्षेप

### मुड़ागांव में गुरु पूर्णिमा पर होगी अखण्ड रामायण व सत्यनारायण व्रत कथा



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में विगत 18 वर्षों से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नाथूराम मनटोरा बाई साहू ओमशंकर ओमेश्वरी साहू द्वारा प्रातः स्मरणीय पूज्यपाद सदगुरूदेव श्री श्री 108 श्री संत सिया भुवनेश्वरी शरण जी व्यास व महंत श्री गोवर्धन शरण जी व्यास गुरूदेव चरणों एवं गुरूपुर्णिमा के पावन शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखण्ड रामायण एवं श्री सत्यनारायण व्रत कथा का शुभारंभ आज 9 जुलाई दिन बुधवार को शुभारंभ किया गया है जिसका समापन गुरुवार 10 जुलाई को गुरू चरणों के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन होगा।


### मतदान लोकतंत्र की आधारशिला हैः पूरन



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 11वीं और 12वीं के छात्र–छात्रओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के संदर्भ में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि मतदान लोकतंत्र के आधारशिला है और भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है एवं सामाजिक और राजनीतिक समानता को बढ़ावा देता है।उन्होंने आगे कहा कि यदि आप पहले से मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं है तो आपको मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। इसके लिए भारत के चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट या निर्वाचन पंजीकरण कार्यालय पर ऑनलाइन उपलब्ध फॉर्म 6 भरकर कर सकते हैं। फार्म 6 भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आयु,पता और पहचान हेतु प्रमाण पत्र जमा करना पड़ेगा।वहीं विद्यालय में अध्ययन रत 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले छात्र व छात्रओं को अविलंब मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के अलावा स्कूली बच्चों को अपने गाँव,टोलों में लोगों को जागरूक करते हुए किसी भी मतदाता का नाम न छूटे उसके लिए बच्चों को प्रेरित किया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** महुआ शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक आरोपी के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद छोटा पुलिया के पास ग्राम बिरसिंगपाली में हेमलाल सिदार पिता जलसाय सिदार (45 साल) के कब्जे से करीबन 04 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




## समस्या : हर बारिश में कट जाता है संपर्क, जान हथेली पर रखकर नदी पार कर रहे ग्रामीण

# बरसात में थम जाता है जनजीवन, फिंगेश्वर के रवेली गांव को अब तक नहीं मिला स्थायी पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम रवेली जहां के लोगों को बरसात लगते ही डर और घबराहट हो जाती है। बता दें कि प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में भेंडरी और रवेली को जोड़ने वाला पुल थोड़ी सी भी बारिश में पुल के ऊपर से पानी चलने लगता है नदी तल से पुल महज दो फीट की ऊंचाई पर है और बाढ़ का पानी आने से दोनों गांव की संपर्क पूरी तरह टूट जाता है बता दे की बारिश की दिनों में शहर और आसपास के लोग जतमई घटारानी जैसे वॉटरफाल घूमने बड़ी उम्मीद से आते हैं किन्तु पुल के ऊपर से चल रही तेज पानी की दबाव लोगों को कई किलोमीटर दूरी घूम कर तय करने को मजबूर कर देते हैं इसी मार्ग से उस स्थान को जाते हैं जिसे छत्तीसगढ़ का पर्यटन स्थल कहा जाता है।

■ घोषणाएं हुईं, सर्वे भी हुए, लेकिन अब तक नहीं बना पुल

वहीं ग्रामीणों की बात करें तो उनकी जीवन यापन का आधा से ज्यादा कार्य सामग्री खाद्य सामग्री कृषि सामग्री स्कूल जैसे कई अन्य चीजों के लिए ग्राम रवेली को भेंडरी लोहरसी कोपरा पांडुका जैसे आसपास के गांव व नगर के ऊपर आश्रित हैं बाढ़ का पानी आ जाने से यह मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कई लोग अपनी जान को हथेली में रख कर मजबूरी वस नदी को पार करते हैं और इस बीच किसी अप्रिय दुर्घटना घट जाने कि आशंका बनी रहती है. कांग्रेस सरकार में भेंट मुलाकात के दौरान जब भूपेश बघेल फिंगेश्वर पहुंचे हुए थे तो उन्होंने इस नदी में पुल बनाने की घोषणा की थी किंतु लोगों को अब तक पुल मिला ही नहीं है. आखिर क्यों...?

इतनी गंभीर समस्या का निदान नहीं हो रहा है ग्यारह सौ से अधिक की जनसंख्या वाले ग्राम रवेली बारिश में पूरी तरह अपने घरों में कैद हो हैं मजबूर हो जाते है और उनके कार्य भी ठप हो जाते है, इस नदी में कई परीक्षण करके चले गए लेकिन अभी तक फूल नहीं बन पाया लोग आंख ताकते बैठे हुए हैं की कब हमारे इस नदी को पुल मिलेगा और बिना किसी रुकावट के अपने कार्य में आगे बढ़ सकेंगे व नदी को पार कर सकेंगे. सबरी की तरह पुल का राह देख रहे है। बुधवार को भी लोगों को जान हथेली में रखकर नदी पार करते देखा गया जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है यदि यह नदी मे पुल जल्द से जल्द बन जाएगा तो ग्रामीण व राहगीरो को राहत मिलेगी।



### ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को हैं मजबूर

सरपंच दशोदा ध्रुव ने कहा की बरसात आते ही ग्रामीणों की समस्या और बड़ जाती, ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हो जाते है हमेशा भय की स्थिति बनी रहती हैं। इसके अलावा बांकी दिनों में भी इस जर्जर पुलिया में समस्या बनी रहती है, ग्रामीणों की वर्षो से मांग है की उच्च स्तर के पुलिया की विगत दिनों सुशासन तिहार में भी उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण के लिए आवेदन दिया गया जिसका अभी तक कोई सुराख़ देखने को नही मिला है सर्वे पर सर्वे करते करते बारिश लग गई पर हासिल कुछ नहीं हुआ।

## लगातार बारिश से उफान पर छोटे नाले, राजिम मार्ग पर आवाजाही हुई बाधित

### कोण्डकेरा मुख्य मार्ग पर पुलिया से बह रहा खेतों का पानी, ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

**कोपरा।** इन दिनों लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के छोटे - छोटे नाले काफी उफान पर है, जिसके चलते आवा गमन अवरुद्ध हो चुका है। बुधवार को सुबह हुई बारिश के चलते कौनद्केरा मुख्य मार्ग पर खेतों का पानी सड़क पर आ गया जहां एक छोटा पुल लगा हुआ है, उनके ऊपर से तेज बहाव के साथ निकल रही थी। इस मार्ग से लोग तहसील मुख्यालय राजिम अपने कार्यों के लिए जाते हैं, जिनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है और गांव के दूसरे रास्ते से होकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा रहा है।



कुछ हीरोपंती दिखाने वाले लोग अपने जान जोखिम में डालकर नाले को पार करने की कोशिश कर रहे थे, किंतु नदी की तेज बहाव के सामने उनकी हीरोगिरी भी बंद हो गई। वहां पर उपस्थित लोगों ने सभी को समझाने की कोशिश किया और सावधानीपूर्वक निकले को कहा। किसी भी प्रकार की जान जोखिम में ना डाले गांव की गलियों से निकला हुआ एक छोटा मार्ग है, वहां से आप जा सकते हैं। ऐसा उन उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा लोगों को बताया जा रहा था. कुछ समझ रहे थे तो कुछ जोखिम ले रहे थे।

## बारिश में आए कचरे पुल जाम, सरपंच ने तत्काल कराई सफाई

**कोपरा।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गए हैं और छोटे छोटे नाले उफान पर है, कई नदी नाले के मार्ग अवरुद्ध हो चुके हैं जिसके चलते ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है सहसपुर और कसेरूडीह को जोड़ने वाले पुल में बारिश के पानी के साथ बह कर बड़ी मात्र में कचड़ा आया गया था और पुल के नीचे दोंध को चोक कर दिया था, जिससे पूरा पानी ऊपर के ओर जाम हो गया था।

सरपंच ग्राम पंचायत और कुछ लोगों ने मिलकर पुल पर फंसे कचड़े को जेसीबी बुलाकर साफ कराया। वहीं पानी के तेज बहाव के चलते साफ करने मे घंटो समय लग गया, दोनों तरफ लोगों कि भीड़ लग गयी और सरपंच नरशू ध्रुव और साथी लोगों को उनके कार्य के लिए सराहना भी की। नदी में पानी अधिक होने के चलते आवा गमन अभी भी अवरुद्ध है, किंतु मलबे को निकालने के बाद पानी तेजी से नीचे की ओर बहने लगे हैं। यदि रात में और बारिश नहीं होती है तो सुबह तक रास्ता खुल जाएगा और लोग आने-जाने लगेंगे, किंतु बारिश तेज और होती है तो मार्ग का कुछ दिनों के लिए अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे ग्रामीण और रहागीरों को दिकतों का सामना करना पड़ सकता है।



## स्कूलों में चला पुलिस का जागरूकता अभियान बच्चों ने सीखे कानून और सुरक्षा के पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को जागरूक करने हेतु पहल किया जा रहा है। इसी पहल के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर विकास पाटले , उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर गंगवाल व थाना मैनपुर टीम द्वारा लगातार मैनपुर क्षेत्र के स्कूल में जाकर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।

■ नवीन कानून, साइबर क्राइम और नशामुक्ति पर हुई चर्चा, बच्चों ने खुलकर पूछे सवाल

इसी कड़ी मे आज बुधवार को पब्लिक स्कूल, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला मैनपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूली छात्रओं तथा शिक्षकगणों को नवीन कानून, एफ आई आर, अभिव्यक्ति ऐप, चेतना, यातायात जागरूकता, साइबर फ्रॉड, पॉक्सो एक्ट, मोबाइल का दुरुपयोग, नशा मुक्त समाज आदि विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही छात्रओं द्वारा करियर को लेकर, बैंकिंग सेवाओं, ऑनलाइन ठगी के संबंध में, सोशल मीडिया में भ्रामक सूचनाओं का आदान प्रदान के संबंध में रोचक सवाल जवाब किया गया। जिससे कार्यक्रम सार्थक रहा। सभी ने एक स्वर में एक बेहतर समाज के लिए योगदान देने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई। समस्त छात्र छात्रओं को शिक्षको के साथ थाना भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है।

### साइबर क्राइम और नशा मुक्ति अभियान के तहत एसडीओपी विकास पाटले ने जानकारी दी

मैनपुर से महज 4 किमी की दूरी पर स्थित क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में आज एक विशेष सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) विकास पाटले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गरियाबंद पुलिस द्वारा आयोजित इस पहल का उद्देश्य बच्चों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था।

### बच्चों ने इस अवसर पर उत्साहपूर्वक लिया भाग

एसडीओपी श्री पाटले ने छात्रें को वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों और उनके समाधान तथा उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। बच्चों ने इस अवसर पर उत्साहपूर्वक भाग लिया और एसडीओपी से विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बातचीत के दौरान बच्चों ने कानून व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिनका समाधान अधिकारी द्वारा सहजता से दिया गया। इस कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर श्री ज्ञानेश्वर गंगवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने छात्रें को समाधान ऐप के बारे में विस्तार से बताया, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे प्रशासन तक पहुँचा सकते हैं। इस जानकारी ने छात्रें में डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति उत्सुकता बढ़ाई।






## गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण से हादसों की भरमार, पीडब्ल्यूडी बना अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर से कुल्हाड़ीघाट मार्ग में लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ माह पहले लाखो रूपये खर्च कर डामरीकरण सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन समाग्री के उपयोग करने के कारण मैनपुर नगर में जिड़ार रोड़ नदी तक बड़े –बड़े जानलेवा कई गड्ढे हो गये है जिसमें लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

■ मैनपुर–कुल्हाड़ीघाट मार्ग में जानलेवा गड्ढे, स्कूली बच्चों और राहगीरों में आक्रोश

इसकी शिकायत ग्रामीणों व राहगीरो द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग के स्थानीय अधिकारियो से किया जा चुका है लेकिन संबंधित विभाग अनजान बना हुआ है और गंभीर दुर्घटना का इंतिजार कर रहा है। ज्ञात हो कि मैनपुर जिड़ार इस कुल्हाड़ीघाट मार्ग में मैनपुर नगर के सड़क में ही बड़े –बड़े गड्ढे हो गये है सबसे खतरनाक गड्ढा बीएसएनएल कार्यालय के सामने हो गया है जहां अब तक दर्जनो मोटर साइकिल चालक दुर्घटना के शिकार हो चुके है। ज्ञात हो कि इस मार्ग में हजारो लोगो का आवागमन लगा रहता है और तो और यह मार्ग में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल, खाद बीज कार्यालय के साथ नगर का मुख्यमार्ग है और स्कूली बच्चे इस मार्ग से आना जाना करते है जो आये दिनो फिसलकर गिर रहे है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा इस सड़क के गड्ढो का मरम्मत की मांग कई बार किया जा चुका है लेकिन अब तक लोक निर्माण विभाग द्वारा ध्यान नही देने से इस मार्ग में चलने वाले लोगो और छात्र –छात्रओ में भारी आक्रोश व्याप्त है साथ ही आंदोलन की चेतावनी दिये है।



## 11 से शुरू होगा रामचरितमानस का मास परायण पाठ, श्रद्धा का उमड़ेगा सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के हृदय स्थल में स्थित राम जानकी मानस मंदिर में सावन महीने का मास परायण 11जुलाई शुक्रवार से प्रारंभ होगा। शिक्षक मानस परिवार द्वारा प्रतिवर्ष श्रावण माह में पूरे दिन रामचरितमानस का मास परायण पाठ विगत 14 वर्षो से करते आ रहे हैं। प्रति दिन भजन कीर्तन तथा अरण्यास करण्यास के साथ हनुमान चालीसा और एक विश्राम पाठ किया जाता है पश्चात आरती की जाती है रामचरितमानस तीस विश्राम में विभाजित है विदित हो कि नगर में यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही थी जिसे शिक्षक मानस परिवार द्वारा विगत वर्षों से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे है जिसमें नगर के सभी भक्त जनों का सहयोग प्राप्त होता है पिछली बार नगर की बेटियों एवं मानस परिवार की बेटियों ने भी पाठ किया।



सावन मास शिव शंकर का प्रिय माह है भोलेनाथ प्रभु श्रीराम को अपना ईष्ट मानते हैं सावन में शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न कर मनौती पूर्ण करने की परंपरा चली आ रही है कोई जल चढ़ा कर, सावन सोमवार उपवास करके, कोई काँवर यात्रा तो कोई तीर्थाटन करके अपने को धन्य करता है। इसी प्रकार राम भक्तों द्वारा रामचरितमानस का पाठ करके अपने को धन्य करने तथा संसार को पवित्र करने का कार्य किया जाता है वे सदैव श्रीराम उनका ध्यान करते हैं जो व्यक्ति पूरे सावन मास में श्रीराम का नाम या रामचरित मानस पाठ करता है उस पर भोलेनाथ की असीम कृपा होती है शिक्षक मानस परिवार के सदस्यों को मानस मंदिर के पुजारी यज्ञेश पांडेय द्वारा विधि विधान से संकल्प कराकर पाठ प्रारंभ करायेंगे।

### ये होंगे शामिल

जिनमें कामता प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार देवांगन, ललित वर्मा, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, ओमप्रकाश यादव, पोषण लाल वर्मा, विमल पुरोहित, पुखराज ठाकुर, घनश्याम सिन्हा, रुपेश कुमार शर्मा, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, रोशन शर्मा, सुधा शर्मा,मोनिका साहू, भूमिका वर्मा, उपेन्द्र पटेल, कावेरी पटेल, देविका पटेल आदि शामिल होंगे।

## हाथियों की आमद से दहशत में क्षेत्रवासी, किसानों के लिए आम आदमी पार्टी ने उठाई आवाज

**मुड़ागांव(कोरासी)/ छूरा।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। बीते वर्षों से लगातार बढ़ रहे प्रकोप ने किसानों की फसलें, मवेशी, घर व जन-जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान और प्रभावित किसानों को उचित मुआवज़ा दिलाने के लिए आम आदमी पार्टी ने माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें किसानों के हित में चार प्रमुख मांगें रखी गई हैं। आम आदमी पार्टी के गरियाबंद जिला अध्यक्ष ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस समस्या को नज़रअंदाज़ किया, लेकिन अब जनता को ठोस राहत चाहिए। हजारों किसान हर साल हाथियों से फसल गंवाते हैं, लेकिन मुआवज़ा या सुरक्षा कोई नहीं। आप ने मुख्यमंत्री सहित कृषि व वन मंत्री को भी भेजी प्रतिलिपि, उम्मीद जताई कि जल्द सुनवाई होगी और ग्रामीणों को हाथियों के आतंक से निजात मिलेगी। ज्ञापन देते समय महेश यादव लोकसभा अध्यक्ष, हरीश कुमार पटेल जिलाध्यक्ष यूथ, नंद लाल यादव तहसील अध्यक्ष छुरा उपस्थित रहे।



### आप की मांगें

किसानों को राहत देने बने ठोस कार्ययोजना

1. हाथियों द्वारा बर्बाद की गई फसलों का मुआवज़ा तत्काल दिया जाए।
2. प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के बाजार मूल्य के आधार पर मुआवज़ा निर्धारित हो।
3. फसल बीमा योजना का प्रीमियम राज्य सरकार वहन करे।
4. वन, राजस्व और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से निगरानी और सुरक्षा के उपाय लागू किए जाएं – जैसे सौर फेंसिंग, अलार्म सिस्टम, रात्रिकालीन गश्त आदि।

